# बांग्ला के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2022 के शेष पुरस्कारों की घोषणा की है। बांग्ला भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार (2022 ) तपन बंद्योपाध्याय को उनके उपन्यास 'बीरबल' को दिए जाने की घोषणा की गई है।

पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन-प्रक्रिया का पालन करते हुए किया है। नियमानुसार निर्णायकों के बहुमत के आधार पर पुरस्कार की घोषणा की गई है। पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपए की राशि पुरस्कृत लेखक को दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में 11 मार्च 2023 को दी जाएगी।

**बांग्ला, संताली एवं मणिपुरी भाषाओं के अनुवाद पुरस्कार 2022 भी घोषित**

साहित्य अकादमी ने बाङ्ला, मणिपुरी और संताली भाषाओं में वर्ष 2022 के शेष रहे अनुवाद पुरस्कार भी प्रदान किए जाने की घोषणा की है। बांगला के लिए शोभिक डे सरकार द्वारा अनूदित पुस्तक आमार बाबा बालाईया के लिए, मणिपुरी के लिए सलाम तोंबा द्वारा अनूदित पुस्तक अंगोउबा केई के लिए , संताली के लिए लक्ष्मण किस्कू द्वारा अनूदित पुस्तक मेरोम गुपी दिन को यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है।पुरस्कार अनुवादकों को अगले वर्ष एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे।